<u>समाचार</u>

<u>प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना</u>

# जोनवार कैम्प के आयोजन व वार्ड पार्षदों से समन्वय बनाकर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ दिलवाएं नागरिकों को – महापौर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने वार्ड पार्षदों से अपील कर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजना पी.एम.सूर्यघर योजना का लाभ लोगों को दिलवाने में दें अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता )




कोरबा 15 जनवरी 2026 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज विद्युत कम्पनी व निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जनहितैषी योजना प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ निगम क्षेत्र के नागरिकबंधुओं को दिलाने हेतु जोनवार शिविर का आयोजन करें तथा वार्ड पार्षदों से समन्वय बनाकर नागरिकों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होने वार्ड पार्षदों से भी अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की इस जनहितैषी योजना का लाभ लोगों को प्राप्त हों, इस हेतु अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दें, योजना के लाभों से वार्डवासियों को अवगत कराएं तथा उन्हें अपने घरों में योजना के तहत सोलर पैनल लगवाकर इसका लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करें।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में निगम के वार्ड पार्षदों व अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल सहित अन्य पार्षद, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती राजपूत ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी व जनकल्याणकारी योजना है, इस योजना का लाभ सभी नागरिकों को मिले तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप आमजन बिजली बिल के भार से मुक्त हों, उन्हें मुफ्त में बिजली मिले, उनके घरों में लगाए गए सोलर पैनल से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली से उन्हें आय भी हों, इस हेतु हम सबका दायित्व है कि हम आमजन को योजना की पूरी जानकारी दें, योजना के लाभों से उन्हें अवगत कराएं तथा योजना का लाभ उन्हें प्राप्त हों, इस हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित कराएं। महापौर श्रीमती राजपूत ने बैठक में उपस्थित विद्युत कम्पनी के अधिकारियों व निगम के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि इस हेतु शीघ्र एक अभियान चलाएं, समुचित कार्ययोजना बनाकर जोनवार शिविरों का आयोजन करें तथा वार्ड पार्षदों से समन्वय स्थापित कर लोगों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**<u>बैठक में दी गई योजना की जानकारी</u>**– बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी कोरबा के कार्यपालन अभियंता (शहर) रोशन वर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तार से जानकारी वार्ड पार्षदों को उपलब्ध कराई। उन्होने बताया कि योजना के अंतर्गत घरों में सोलर पैनल लगवाए जाने पर केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा सब्सिडी प्रदान करने का प्रावधान रखा गया है, नागरिकगण एक किलोवाट क्षमता पर 45 हजार रूपये, 02 किलोवाट पर 90 हजार रूपये और 03 किलोवाट या अधिक क्षमता पर 01 लाख 08 हजार रूपये तक की सब्सिडी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने बताया कि घरों में स्थापित सोलर पैनल विद्युत वितरण कम्पनी के ग्रिड से कनेक्ट रहेंगे, निश्चित समय पर उत्पन्न बिजली यूनिट व घरों में खपत बिजली यूनिट का कैल्युलेशन होगा तथा खपत के बाद शेष बची अतिरिक्त बिजली यूनिट की कीमत संबंधित उपभोक्ता को प्राप्त होगी, उन्होने बताया कि सोलर पैनल लगाने हेतु बैंक फायनेंस की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**<u>मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजनांतर्गत मिली स्वीकृति</u>**– बैठक के दौरान वरिष्ठ पार्षद श्री अशोक चावलानी व अन्य पार्षदों द्वारा जानकारी चाहे जाने पर कार्यपालन अभियंता रोशन वर्मा ने बताया कि वार्डो में विद्युत विस्तार, अतिरिक्त खंभों की आवश्यकता आदि के संबंध में समय–समय पर वार्ड पार्षदों व नगर निगम कोरबा द्वारा दिए गए आवेदनों के अनुरूप प्राक्कलन तैयार कर मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत स्वीकृत हेतु शासन को प्रेषित किया गया था, जिसकी स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की जा चुकी है, अब शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर कार्यप्रारंभ किए जाएंगे।

बैठक के दौरान सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल के साथ ही धनकुमारी गर्ग, ममता यादव, अजय गोंड़, भानुमति जायसवाल, उर्वशी राठौर, लक्ष्मण श्रीवास, अब्दुल रहमान, चन्द्रलोक सिंह, रामकुमार साहू, सत्येन्द्र दुबे, उपेन्द्र सिंह पटेल, रूबीदेवी सागर, राधा महंत, चैतन सिंह मैत्री, प्रताप सिंह कंवर, चन्द्रकली जायसवाल, प्रभा राठौर, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, दिनेश वैष्णव, टीकम राठौर, दीपक यादव, सुरेन्द्र कुमार राजवाड़े, शिव चंदेल, नरेन्द्र गोस्वामी सहित अन्य पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे,